रोहतक
शुक्रवार 20 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 44
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29.2
न्यून. 14.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



चैंपियंस लीगः बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में
2



रोहतक
शुक्रवार 20 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 44
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 29.2
न्यून. 14.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला



## खबर संक्षेप

### विक्रम दोराईस्वामी चीन में भारत के राजदूत

**नई दिल्ली।** 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी विक्रम दोराईस्वामी को चीन में भारत का



अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वे अभी ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर हैं और उम्मीद है कि वह जल्द ही यह काम संभाल लेंगे। दोराईस्वामी 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। उससे पहले, उन्होंने एक साल तक पत्रकारिता की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से इतिहास में मास्टर डिग्री ली। *एजेंसी*

### सूरत में 2.38 करोड़ के नकली नोट पकड़े

**अहमदाबाद।** क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। नकली नोट छापने का काम सूरत के एक आश्रम में हो रहा था। पुलिस ने यहां छापेमारी कर नोट छापने की की मशीनों के साथ 2.38 करोड़ रुपये के नकली नोट जब्त किए। इस रैकेट का मुख्य आरोपी और तथाकथित योग गुरु प्रदीप जोटांगिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच में पता चला है कि नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल होने वाला खास कागज चीन से मंगाया जाता था। इसका पेमेंट क्रिप्टो करंसी के जरिए किया गया था। *एजेंसी*

# बाजार क्रैश

# सेंसेक्स में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट, 2497 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग में शेयर बाजार गुरुवार को क्रैश हो गया। इसमें 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26%) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 776 अंक (3.26%) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।

**निफ्टी ने भी गोता लगाया**

- अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग से भारी गिरावट दर्ज
- बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में ज्यादा बिकवाली
- इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74% गिरा था
- निवेशकों के 13 लाख करोड़ डूबे



**बाजार गिरने की बड़ी वजहें**

- अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।
- कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर पड़ रहा।

### निवेशकों को भारी नुकसान, घाटा बढ़ रहा

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ रुपये से घटकर 426 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई है। इससे घाटा बढ़ रहा है।

### क्रूड की कीमतें 6% बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल के पार

अमेरिका और इजराइल की ईरान के साथ जारी जंग के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। फारस की खाड़ी से होने वाली सप्लाई रुकने की वजह से ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट के दाम गुरुवार को 6% से ज्यादा बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गए है।

### पेट्रोल-डीजल और एलपीजी के बढ़ सकते हैं दाम

इंडियन बास्केट के साथ इंटरनेशनल बेचमार्क ब्रेंट क्रूड भी जंग के बाद 73 डॉलर से बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पहुंच है। अगर कच्चा तेल इसी स्तर पर बना रहा, तो गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 से 15 रुपये तक की बढ़ोतरी की आशंका है।

### खाने-पीने की चीजें हो सकती हैं महंगी

कच्चा तेल से सिर्फ पेट्रोल-डीजल नहीं बनता बल्कि पेंट, प्लास्टिक, फर्टिलाइजर और दवाइयों के कच्चे माल में भी इस्तेमाल होता है। डीजल महंगा होने से माल ढुलाई महंगी होगी, जिससे फल, सब्जी और अनाज के दाम बढ़ेंगे। कुल मिलाकर आम आदमी का बजट बिगड़ जाएगा।

### यूरोप में गैस की कीमतें 30% से ज्यादा उछली

ईरान के कतर पर किए गए इस हमले का सबसे ज्यादा असर यूरोप में गैस के दामों पर पड़ा है। यहां मुख्य गैस कॉन्ट्रैक्ट डच टीटीएफ बेंचमार्क एक समय करीब 30% तक उछलकर 70 यूरो पर पहुंच गया था। हालांकि अभी यह 16% की तेजी के साथ 63 यूरो के करीब ट्रेड कर रहा है।

### चांदी में 17,800 की गिरावट और सोना 7,000 रुपये लुढ़का

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि वैश्विक जिंस बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के



नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम से काफी कम है। चांदी अब 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 7,000 रुपये या 4.37 प्रतिशत के नुकसान के साथ 1,53,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जो पिछली बंद कीमत 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। सोने की कीमत 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 29,700 रुपये या 16.23 प्रतिशत तक गिर चुकी है।

### क्रूड और गैस के दाम बढ़ने के कारण

**1. कतर का रास लफ्फान प्लांट बंद**

ईरान के ड्रोन हमलों में कतर के रास लफ्फान को काफी नुकसान पहुंचा है। यह दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी हब है और ग्लोबल सप्लाई का करीब पांचवां हिस्सा (20%) यहीं से आता है। हमले के बाद इस प्लांट को फिलहाल बंद कर दिया गया है। इससे सप्लाई रुक गई है।

**2. 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का लगभग बंद होना**

भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है।

# यूएई-कतर के तेल-गैस प्लांट पर ड्रोन अटैक

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ है। इसके अलावा यूएई और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, यूएई और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी। सऊदी ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। सऊदी के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि हमारे देश के पास ईरान को जवाब देने की पूरी ताकत है। ईरान के हमले पहले से प्लान किए गए लगते हैं और हमारे सब्र का इम्तिहान न लें। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से अब ज्यादातर तेल यनबू पोर्ट से भेजा जा रहा है।

- सऊदी बोला ईरान सब्र का इम्तिहान न ले

### मोदी ने मैक्रों, ओमान के सुल्तान, मलेशिलाई पीएम से की चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान



हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में संघर्ष को कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति, ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर हुई अलग-अलग बातचीत में, होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### ईरान बोला- अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट को नुकसान पहुंचाया

जंग के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। इस हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक एफ-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है।

### सरकार बोली-सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी आई

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय (एमईए) में जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश में ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% पहुंच गई है। करीब 83% रीफिल डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेट' कोड के जरिए हो रही है। पैनिक बुकिंग में कमी आ रही है।

# टटीरी गाना विवाद : बादशाह को हाईकोर्ट से राहत

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में दर्ज आपराधिक मामलों को लेकर विवादों में घिरे मशहूर रैपर बादशाह को बड़ी राहत मिली है। पुलिस ने उनके खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर को वापस ले लिया है। साथ ही, जांच में शामिल होने के कारण उन्हें गिरफ्तारी से भी राहत देते हुए जमानत प्रदान कर दी गई। मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार की ओर से पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि बादशाह अब जांच में शामिल हो चुके हैं और उनकी गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर को भी वापस लिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने हरियाणा महिला आयोग द्वारा शुरू की गई कार्रवाई पर भी रोक लगाने की मांग की थी। जानकारी के अनुसार, टटीरी गाने से विवाद को लेकर उत्पन्न विवाद के चलते हरियाणा में बादशाह के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थीं। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने स्पष्ट किया कि जांच प्रक्रिया जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर बादशाह को फिर से बुलाया जा सकता है। हालांकि, फिलहाल उनके खिलाफ किसी सख्त कार्रवाई की संभावना नहीं है।

**लुकआउट सर्कुलर वापस जांच में शामिल होने पर मिली जमानत**






### बादशाह, नोरा व संजय दत्त को एनसीडब्ल्यू का समन

**नई दिल्ली।** 'टटीरी' और 'सरके चुनर' को लेकर खूब विवाद हुआ। अब राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने गानों के निर्माताओं को समन जारी किया है। सिंगर बादशाह, निर्देशक माही संधू और निर्माता हितेन को तलब किया गया है। उन्हें 25 मार्च को दोपहर 12:30 बजे पेश होना है। 'सरके चुनर' गाने को लेकर नोरा फतेही, संजय दत्त, निर्माता वेंकट के नारायण और निर्देशक किरण कुमार को समन भेजा गया है। इन्हें 24 मार्च को पेश होने के निर्देश दिए गए हैं।

### दवाओं के लाइसेंस के लिए डोजियर प्रणाली का पालन जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवा निर्माण लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण के लिए दस्तावेज आधारित प्रणाली (डोजियर) लागू करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए। इसका मकसद देशभर में दवाओं की गुणवत्ता और लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित करना है। इस दस्तावेज में दवा निर्माताओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक व्यवस्थित सूची दी गई, जिसमें प्रशासनिक और तकनीकी दोनों तरह की आवश्यकताएं शामिल हैं। यह नियम दवा बनाने वाली कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन आयुष दवाओं, प्रसाधन सामग्री और चिकित्सा उपकरणों को इससे बाहर रखा गया है।



## नवरात्र पर विशेष




## द्वितीय ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्र को ब्रह्मचारिणी माता की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यही आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रूप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पति के समय ब्रह्माजी ने मानसपुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है और गर्भ धारण कर शिशु को जन्म देने की नींव पड़ी है। शिशु में देवी के नौ गुण होते हैं। ब्रह्मचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय है। अपने पूर्वजन्म में जब इन्होंने हिमायल के घर पुत्री रूप में जन्म लिया तब नारद के कहने से शिवजी को पति रूप में पाने के लिए इन्होंने एक हजार साल तक तपस्या की। जब तीनों लोक कांप उठे, तब ब्रह्माजी ने कहा-देवी, आज तक किसी ने ऐसी कठोर तपस्या नहीं की। जाओ, तुम्हारी मनोकामना पूर्ण होगी। इसके बाद शिवजी उन्हें पति रूप में मिले। मां ब्रह्मचारिणी की अनुकंपा से भक्तों को हमेशा सिद्धि और विजय मिलती है। इस दिन भक्त का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। ब्रह्मचारिणी का पूर्वजन्म का नाम 'उमा' भी है। शैलपुत्री के रूप में देवी प्रकृति स्वरूपा हैं तो ब्रह्मचारिणी रूप में सृष्टि निर्मात्री। एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष माला धारण करने वाली देवी का यह रूप कल्याणप्रद और मोक्षदायी है। मां के इस रूप की आराधना का मंत्र है-

**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

### कलायत के चौशाला गांव में पनाह लिए हुए थे हत्यारोपी

# चंडीगढ़ में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के दो आरोपियों का कैथल में किया एनकाउंटर

- हत्या के 24 घंटे के अंदर ही पंजाब की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने हरियाणा में आकर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

चंडीगढ़ के सेक्टर 9 में प्रॉपर्टी डीलर चमनप्रीत नागरा उर्फ चीनी की दिनदहाड़े 15 गोलियां मारकर हत्या के मामले में पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने गुरुवार दोपहर को कलायत के गांव चौशाला में दो आरोपियों का एनकाउंटर किया। एनकाउंटर के दौरान दोनों आरोपियों की टांगों में गोलियां लगीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजन उर्फ पीयूष पहलवान निवासी फिरोजपुर और प्रीतम शाह निवासी नवांशहर के रूप में हुई है। वे गांव चौशाला के एक घर में पनाह लिए हुए थे।

सूचना के आधार पर पंजाब के एसपी विक्रमजीत बराड़ की अगुवाई में टीम ने इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जब टीम ने दोनों आरोपियों को चेतावनी दी तो उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाबी हमले में आरोपी राजन को टांग पर तीन व प्रीतम शाह को दो गोलियां लगी। इन्हें उपचार के लिए तुरंत कलायत उप मंडल नागरिक अस्पताल लाया गया। एक घंटे से अधिक समय तक दोनों घायलों का ऑपरेशन थियेटर में उपचार चला। सुरक्षा की दृष्टि से ओटी के बाहर एसटीएफ करनाल के जवान तैनात रहे। उप मंडल नागरिक अस्पताल में उपचार के बाद डाक्टर टीम ने घायलों को कैथल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कलायत डीएसपी ललीत यादव स्थानीय पुलिस के साथ गांव चौशाला पहुंचे। बता दें कि इस हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लकी पटियाल ने ली थी।


अस्पताल में उपचाराधीन हत्या के आरोपी।

### बाइक और हथियार बरामद

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक और हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान हत्याकांड से जुड़े अन्य लोगों और गैंग के नेटवर्क के बारे में अहम खुलासे हो सकते हैं। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी राजन उर्फ पीयूष पहलवान कुछ समय पहले मलेशिया से नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।

### पुलिस छावनी बना गांव चौशाला, स्थानीय पुलिस भी पहुंची

पुलिस की गांव चौशाला में आरोपियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान गोलियों की आवाज से पूरा गांव थर्रा गया। एक बार तो ग्रामीणों को भी समझ में नहीं आया कि मामला क्या है। आरोपियों के काबू करने के साथ ही एक के बाद एक पुलिस की गाड़ियां गांव पहुंची। देखते ही देखते गांव पुलिस छावनी में तबदील हो गया। एनकाउंटर के स्थान को पुलिस ने चारों ओर से घेर लिया। इस दौरान किसी भी ग्रामीण को वहां नहीं जाने दिया।

# मुर्गे चोरी के विवाद में भतीजे ने चाची की तेजधार हथियार से की हत्या

### पति की एक साल पहले हो चुकी मौत, दो बेटों को मजदूरी कर पाल रही थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव रायचंदवाला में बुधवार रात मुर्गे चोरी का विवाद इतना बढ़ा कि भतीजे ने चाची की तेजधार हथियार से गोद कर हत्या कर दी। अलेवा थाना पुलिस ने मृतका की सास की शिकायत पर हत्यारे भतीजे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव रायचंदवाला निवासी अशोक की पत्नी रेशमा (35) बीती देर शाम अपने घर मे काम काज को निपटा रही थी। उसके जेठ अजमेर का लड़का अजय घर में आया और उससे झगड़ने लगा। उसी दौरान अजय ने रेशमा की छाती तथा पेट पर तेजधार हथियार से कई वार किए। रेशमा के बच्चों द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपित अजय फरार हो गया। पीजीआई ले जाते समय घायल ने दम तोड़ दिया। अलेवा थाना पुलिस ने मृतका की सास लिछमी की शिकायत पर आरोपित अजय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### लव मैरिज के 12 वर्ष बाद पति ने लगाया था फंदा

घड़पुर करनाल निवासी रेशमा ने लगभग 13 साल पहले गांव रायचंद वाला निवासी अशोक से लव मैरिज की थी। उनका बड़ा बेटा राजकुमार 12 साल और छोटा हनुमान आठ साल का है। गत वर्ष संदिग्ध हालात में अशोक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रेशमा मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी।

**थाने पहुंचा था मुर्गे चोरी का मामला :** अशोक की मौत के बाद उसका बड़े भाई अजमेर का परिवार रेशमा को संदेह की दृष्टि से देख रहा था। लगभग एक माह पहले अजमेर के कुछ मुर्गे चोरी हो गए थे, जिसके आरोप रेशमा पर लगे थे। मुर्गे चोरी होने का मामला अलेवा थाने में दर्ज हुआ था।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## NOTICE

I, Jagminder S/o Chand Ram R/o VPO Chulliana (39) Distt. Rohtak-124501, Haryana declare that my name is Jagminder according to my Aadhar Card, Pan Card and all other documents. I am serving in Indian Army my Army No. 3101804Y Rank HAV Unit 31Assam Rifle. In my army service record my name is register Jagmender. Now I want to correct my name in my service record from Jagmender to Jagminder. Jagmender alias Jagminder both are one and same person.

## COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Renu Solkhe**
Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari
**SANTOSH DEVI**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRE02-000108-2025
Next Date : 25.05.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**Rewari**

In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.05.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari
Dated, this day of 19.03.2026

## COURT NOTICE

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Dr. Renu Solkhe**
Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari
**HITESH KUMAR KALRA S/O LATE SHRI RISHI LAL S/O SHRI KHILANDA RAM KALRA**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRRE02-001113-2024
Next Date : 10.04.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
:-
**NA**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **10.04.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rewari
Dated, this day of 19.03.2026

### जींद में फैक्ट्री पर छापा मार दिखाया था एक करोड़ जीएसटी का डर

# 60 लाख की रिश्वत मांगने पर 2 जीएसटी अफसरों व बिचौलिये को सीबीआई ने पकड़ा

- 20 लाख रुपये वसूलने के बाद बिचौलिया लेने आया था और पांच लाख रुपये, रंगेहाथ काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जींद में जीएसटी अधिकारियों द्वारा छापा मारकर व्यापारी से रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने सीजीएसटी के एक इंस्पेक्टर, एक सुपरिंटेंडेंट और एक स्थानीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और जबकि एक अन्य अधिकारी की तलाश जारी है। यह कार्रवाई पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद की गई।

इस मामले में इंडिया ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक राजेश सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गत 12 मार्च को जीएसटी रोहतक की टीम ने उनकी फैक्ट्री पर छापा मारा था। अधिकारियों ने पहले एक करोड़ रुपये का जुर्माना बताकर दबाव बनाया और बाद में 60 लाख रुपये में मामला निपटाने की बात कही। राजेश सैनी के अनुसार 13 मार्च को ही उनसे 20 लाख रुपये वसूल लिए गए। आठ लाख सुबह और 12 लाख शाम को दिए गए। बाद में उन्हें रोहतक कार्यालय बुलाकर कुल 24 लाख रुपये और देने का दबाव बनाया गया। व्यापारी ने पहले विजिलेंस से संपर्क किया फिर सीबीआई से। चंडीगढ़ सीबीआई टीम ने योजना बनाकर एक अधिकारी को ड्राइवर बनाकर साथ भेजा और पूरी बातचीत रिकॉर्ड की। योजना के तहत जब एक स्थानीय व्यक्ति परमानंद पांच लाख रुपये लेने फैक्ट्री पहुंचा तो सीबीआई ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जीएसटी के सुपरिंटेंडेंट अनिल और इंस्पेक्टर अखिल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में सुपरिंटेंडेंट हंसराज फरार है। राजेश सैनी ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के बाद उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं और फंसाने की चेतावनी दी जा रही है। जिसकी जानकारी सीबीआई को दे दी गई है।

### व्यापारी बोले-गिरफ्तारी का डर दिखा करते हैं सेटिंग


पत्रकारवार्ता करते व्यापारी नेता।

मैन्युफैक्चरर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सतीश ढिल्लों ने कहा कि जींद में लगातार हो रही जीएसटी रेड से व्यापारियों में रोष है। खासकर फरवरी व मार्च में इस तरह की कार्रवाई बढ़ जाती है। व्यापारियों का कहना था कि जीएसटी अधिकारी सर्च और अरेस्ट वारंट के नाम पर डर का माहौल बनाते हैं। गिरफ्तारी का डर दिखा कर सेटिंग की बात करते हैं। व्यापारी नेता राजकुमार गोयल ने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में सख्त और पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए। जींद में सामने आया यह मामला जीएसटी सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर पेश करता है।

# चलती ट्रेन से फेंककर महिला की हत्या करने पर आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- बेटे के साथ ट्रेन में टोहाना जा रही थी महिला, छेड़छाड़ का विरोध करने पर हुई थी हत्या

चलती ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ करने और उसे ट्रेन से नीचे फेंकने के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तरुण सिंगल की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की सूरत में उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। छेड़छाड़ पर उसे 3 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। जिला न्यायावादी फतेहाबाद देवेन्द्र मित्तल व डॉ. सुनील कुमार खिच्ची, उपनिदेशक अभियोजन ने बताया कि 1 सितंबर 2022 को शिकायतकर्ता की पत्नी अपने पुत्र के साथ मायके से ट्रेन द्वारा टोहाना लौट रही थी। इसी दौरान, जींद जिले के गांव कालवन निवासी आरोपी संदीप उर्फ हनुमान ने महिला के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसने उसे चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। पटरी पर गिरने के कारण महिला की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई।

## नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रोहतक के विभिन्न विभागों के 39 सरकारी वाहनों व पुलिस विभाग द्वारा पकड़े गए 106 गैर दावाकृत वाहनों की नीलामी E-Auction India Portal के माध्यम से Online की जानी है। अतः इच्छुक पात्र बोलीदाता NIC E-Auction Portal i.e. https//eauction.gov.in में भाग ले सकते हैं। नीलामी की सभी नियम व शर्तें पोर्टल पर ही उपलब्ध हैं। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला नजारत शाखा कमरा नं. 120 प्रथम तल उपायुक्त कार्यालय, रोहतक में सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-अतिरिक्त उपायुक्त-एवं-अध्यक्ष,
जिला कण्डमनेशन बोर्ड, रोहतक
पीआरडीएच-1029/11/733/2026/44008/88/6 दि. 19.03.26

# नकल के 8 केस दर्ज, दो कर्मचारी रिलीव, झज्जर में सेंटर बदला

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आज संचालित हुई सीनियर सेकेंडरी गृह विज्ञान की परीक्षा में प्रदेशभर में कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन प्रयोग के 8 मामले दर्ज किए गए। विशेष आरएएफ उड़नदस्ता द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि.,रोहतक-44 (बी-1)पर नियुक्त पर्यवेक्षक धमेंद्र कुमार, संस्कृत अध्यापक, रा.व.मा.वि.,माड़ौदी जाटान (रोहतक) तथा परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि., गांधी नगर रोहतक-03 पर नियुक्त इसी विद्यालय की लिपिक रेनु को परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर कार्यभार मुक्त किया गया। वहीं, झज्जर के परीक्षा केंद्र कासनी 2 को रा.क.व.मा.वि., झज्जर-05 में शिफ्ट कर दिया है।

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 35, ओल्ड फरीदाबाद के सीवर ओवर फ्लो से सम्बन्धित किन्हीं आपातकालीन शिकायतों को निपटाने के लिए सीवर सक्शन डीजल इंजन की मरम्मत करना और 2 अदद 7.5 एचपी सीवरेज सबमर्सिबल मोटर की आपूर्ति व स्थापना के लिए आकलन (पुनः आमंत्रण) + 14 कार्य। | 18.03.2026 25.03.2026 | रु. 4,16,36,504/- | https://etenders.hry.nic.in | 7982056107 sanjugupta3001@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/44015/I/88/6 दि. 19.03.26

ऊपर वाले से मिला वरदान मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरु कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

## राशिफल

**मेष** भवन की साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।

**धनु** शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

### यमुनानगर में जहरीली शराब से गई थी 22 लोगों की जान, जेल से चल रहा था नेटवर्क

# पूर्व जेल अधीक्षक सोमनाथ ने 16 माह बाद किया सरेंडर

- गुहला चीका के पूर्व विधायक दिल्लूराम बाजीगर का बेटा है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जहरीली शराब कांड और जेल से संचालित बदमाशों के अवैध नेटवर्क के मामले में नवंबर 2024 से फरार चल रहे तत्कालीन जिला जेल अधीक्षक सोमनाथ ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि सोमनाथ के खिलाफ दर्ज मामले में उन्हें जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बता दें कि आरोपी सोमनाथ गुहला चीका के पूर्व विधायक दिल्लूराम बाजीगर का बेटा है। मामले की शुरुआत नवंबर 2023 में हुए उस जहरीली शराब कांड से हुई थी, जिसमें यमुनानगर में 22 लोगों की मौत हो गई थी। अंबाला के धनौरा स्थित फैक्ट्री से सप्लाई हो रही जहरीली शराब का नेटवर्क जेल में बंद गैंगस्टर मोनू राणा और अंकित उर्फ मोगली द्वारा चलाया जा रहा था। मोनू ने प्रोडक्शन वारंट में बताया था कि जेल के अंदर से नेटवर्क चल रहा था। उसे मोबाइल सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। मोबाइल को जेल की भट्ठी में जलाने की बात भी कही थी।

### जेल के दो अधिकारी हो चुके हैं गिरफ्तार



जांच में जेल के अधिकारियों का नाम आने पर यमुनानगर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक गंगा राम पूनिया ने कुरुक्षेत्र के शहर थाना में मामला दर्ज करवाया था। इसमें जेल के सहायक अधीक्षक अश्विनी और जेल वार्डर किशोरी को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, जेल अधीक्षक सोमनाथ को भी जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन वह नवंबर 2024 से फरार चल रहा था।

## उत्तर रेलवे


### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|
| UMB-Prkg-11-26 | साइट प्लान के अनुसार, स्टेशन भवन के पास 507 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक व्यापक पार्किंग स्थल और रामपुरा फूल (पुल) रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर 386.82 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक दोपहिया वाहन पार्किंग स्थल। | 30.03.26 12:00:00 |
| | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | |
| | सहारनपुर में टी2 कॉलोनी पार्क के पास 1133 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का विशाल पार्किंग स्थल। | |
| | बठिंडा रेलवे स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर जीआरपी क्वार्टर के पास स्थित 1894.20 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। (साइट प्लान के अनुसार) | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 952/2026

## शब्द पहेली - 6170



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 6169 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | रा |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | रा | ल |



रोहतक
शुक्रवार 20 मार्च 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 44
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 29.2
न्यूऩ. 14.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



चैंपियंस लीगः बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में
2

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टाफ के 25 फीसदी अलाउंस वृद्धि की मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लाखों रनिंग स्टाफ (लोको पायलट और गार्ड) के लिए नवरात्रि एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। महंगाई भत्ते (डीए) में 50% की बढ़ोतरी लागू होने के बाद, अब रेल मंत्रालय ने न्यूनतम गारंटीकृत किलोमीटर भत्ते (केएमए) में भी 25% की बढ़ोतरी को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ये दावा ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने किया है। उन्होंने रेलवे मंत्रालय से मिली मंजूरी की पुष्टि करते हुए इसे रेल कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम बताया है। *एजेंसी*

### 2,929 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से 8 घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 2,929 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में सीबीआई ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी से पूछताछ की। अनिल अंबानी सुबह दिल्ली स्थित सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे, जहां एजेंसी के अधिकारियों ने उनसे सवाल-जवाब किए। सीबीआई ने पिछले साल अगस्त में अनिल अंबानी और आरकॉम के खिलाफ केस दर्ज किया था। एसबीआई की शिकायत के मुताबिककंपनी पर विभिन्न बैंकों का कुल 40,000 करोड़ से ज्यादा का बकाया था। इसमें से अकेले एसबीआई को 2,929.05 करोड़ का नुकसान हुआ। *एजेंसी*

### क्रॉस-वोटिंग को लेकर नहीं थम रहा विवाद, 5वां नोटिस भी होगा जारी

# राज्यसभा चुनाव : रद्द वोटों के लिए हाईकोर्ट जाएगी कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हमारे साथ सत्तासीन भाजपा सरकार ने धोखा किया है। हमारे जो वोट रद्द किए गए हैं वह गलत तरीके से किए गए हैं। पूर्व सीएम ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट जाएगी। सभी जरूरी डाक्यूमेंट जुटा लिए हैं, कुछ रह गए हैं वह भी जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभी क्रॉस वोटिंग करने वाले चार विधायकों को शो काज नोटिस जारी किए गए हैं, एक दो दिन में 5वें विधायक को भी नोटिस जारी किया जाएगा। इससे पहले इसी मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गवर्नर से शिकायत की। विधायकों ने कहा कि सत्तासीन पार्टी बीजेपी लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस दौरान कांग्रेस ने चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर आईएएस पंकज अग्रवाल के खिलाफ भी शिकायत की। कांग्रेस विधायकों ने अपनी शिकायत में लिखा है कि राज्यसभा के दो सदस्यों के निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव की प्रक्रिया को सत्ताधारी दल ने नियमों का उल्लंघन किया है। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया को संचालित कराने वाले आईएएस अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका भी पक्षपातपूर्ण, अत्यंत अनुचित और निंदनीय थी।

## वोट गलत तरीके से रद्द किए गए

- **कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने गवर्नर से शिकायत की**
- **रिटर्निंग ऑफिसर आईएएस पंकज अग्रवाल के खिलाफ भी शिकायत दी**



### भाजपा और निर्वाचन अधिकारी की मिलीभगत का आरोप लगाया

हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा कांग्रेस विधायक दल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कांग्रेस ने राज्यसभा की 2 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा और निर्वाचन अधिकारी की मिलीभगत का आरोप लगाया। हुड्डा ने कहा- जिसको रहनुमा चुना था उजाले की खातिर, वो ही अंधेरों से सौदा कर बैठे। ज्ञापन में कहा गया है कि हरियाणा विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं, जिसमें बीजेपी के 48, कांग्रेस के 37, इंडियन नेशनल लोक दल के 2 तथा 3 निर्दलीय विधायक हैं। राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए न्यूनतम 31 मतों की आवश्यकता थी। सामान्य परिस्थितियों में भाजपा और कांग्रेस प्रत्येक एक सीट जीतने वाली थीं, लेकिन बीजेपी ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अपने ही उपाध्यक्ष सतीश नंदल को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा कर दिया, जिसके लिए 7 भाजपा विधायकों ने प्रस्तावक बनकर समर्थन दिया। कांग्रेस ने इसे सत्तारूढ़ दल द्वारा राजनीतिक खरीद-फरोख्त, प्रलोभन, धमकी, संस्थागत दबाव तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण बताया है।

### वैध मतों को अवैध घोषित किया

कांग्रेस ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) पंकज अग्रवाल (आईएएस) ने पक्षपातपूर्ण एवं पक्षधर भूमिका निभाई। उन्होंने कांग्रेस विधायकों के वैध मतों को अवैध घोषित किया, भाजपा एवं निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में मतों को स्वीकार किया तथा कांग्रेस के मतगणना एजेंटों द्वारा दर्ज की गई सभी वैध आपत्तियों को जानबूझकर अनदेखा कर दिया। कांग्रेस ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग को भी शिकायत दर्ज कराई है।

### परमवीर सिंह ने सही तरीके से वोट किया

विधायक अशोक अरोड़ा ने विधायक परमवीर सिंह के वोट का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने बिल्कुल सही तरीके से वोट किया और किसी भी तरह की सीक्रेसी लीक नहीं हुई। इसीलिए उनका वोट बैलेट बॉक्स में जा चुका था, बावजूद इसके उनके वोट को बाद में कैंसिल किया गया। यह पूरी तरह नियमों के विरुद्ध था। जबकि अगर किसी उम्मीदवार की वोटिंग के दौरान सीक्रेसी लीक होती है, तो उस वोट को अलग रख दिया जाता है और बाद में वीडियो चेक करके उस पर निर्णय लिया जाता है।

### निष्कासन की कार्रवाई भी की जा सकती है

हाईकमान इन विधायकों से बेहद नाराज है और जवाब तलब किया है। जवाब संतुष्ट नहीं मिलने पर निष्कासन की कार्रवाई भी की जा सकती है। हालांकि, इस सूरत में विधायकों की विधायकी सुरक्षित रहेगी, लेकिन एक ऐसी भी वजह भी है, जिसको नहीं मानने पर इन चारों विधायकों की विधायकी तक जा सकती है। हालांकि, पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद भी इन क्रॉस वोटिंग करने वाले चारों विधायकों पर सदन में पार्टी व्हिप लागू होता है। उसकी अवहेलना करने पर इन विधायकों के विरुद्ध दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसमें उनकी विधायकी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने 1996 में इस सबंध में फैसला भी सुनाया था।



रेवाड़ी में मंडी में रखे सरसों के हजारों कट्टे भीग गए।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश आंधी-ओले को लेकर अलर्ट

- लगातार दूसरे दिन रुक-रुककर होती रही बरसात
- दिन में छाया अंधेरा, फसलों पर नुकसान का अंदेशा
- तापमान लगातार गिर रहा, 2 से 3 डिग्री की गिरावट आई

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से बुधवार को लगातार दूसरे दिन कई जिलों में बारिश हुई। हिसार में पूरा दिन रुक- रुककर बारिश होती रही। इसके साथ ही सिरसा, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, पंचकूला और रोहतक में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश में ओलावृष्टि को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत में 40-50 किमी/घंटा की दर से ठंडी हवाएं चली। शुक्रवार को भी कई जिलों में आलावृष्टि और बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को हुई ओलावृष्टि से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। आने वाले दंनिों में भी 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। बुधवार शाम रेवाड़ी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं गुरुग्राम भिवानी, हिसार, सिरसा, नारनौल और महेंद्रगढ़ में भी बारिश देखने को मिली थी।

राजस्थान की तरफ से पश्चिमी विक्षोभ हरियाणा में दाखिल हुआ। जिसके बाद गुरुवार को भी कई जिलों में बारिश हुई। कई जगहों पर तेज हवा के कारण पेड़ व बिजली के खंभे उखड़ गए।


### अधिकतम तापमान 32.7° पर आया

बारिश और बादलों की वजह से हरियाणा में अधिकतम तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस महेंद्रगढ़ में दर्ज किया गया, जो सामान्य के आसपास रहा। हिसार, रोहतक, गुरुग्राम, भिवानी जैसे जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।



### केदारनाथ-बदरीनाथ में बर्फबारी, निचले इलाके में बारिश

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गुरुवार को बर्फबारी हुई जबकि निचले व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बदरीनाथ व केदारनाथ में बर्फबारी हुई जबकि नंदा देवी, फूलों की घाटी, त्रिशूल और अन्य ऊपरी इलाकों में तड़के से ही भारी बर्फबारी हो रही है। उन्होंने बताया कि कई निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। हर्षिल, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे उत्तरकाशी जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई।



चौथी यूथ पुरुष एवं महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता

# जिया, निष्ठा, सिमरन और गुंजन ने जीते मुकाबले

## मेजर सत्यपाल सिंधु बोले, युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन रिंग में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। वीरवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में प्रदेश भर के युवा मुक्केबाजों ने अपनी ताकत और तकनीकी कौशल का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों के सटीक मुक्कों और दर्शकों के उत्साह ने पूरे माहौल को जोश से भर दिया। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग के संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हरियाणा के मुक्केबाज लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल खेल भावना को मजबूत करती हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं।





### 2036 ओलंपिक में भारतीय दल में सबसे ज्यादा खिलाड़ी हरियाणा के हों: मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि संघ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है। अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने एक बड़ा लक्ष्य साझा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य 2036 ओलंपिक खेलों के लिए तैयार होना है। संघ का प्रयास है कि उस समय भारतीय दल में हरियाणा के अधिक से अधिक मुक्केबाज शामिल हों और देश के लिए पदक जीतकर लाएं। प्रतियोगिता के अगले चरण में शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जहां मुक्केबाजों के बीच फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।*

### महिला वर्ग के मुकाबले

⏭ 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की जिया ने झज्जर की अंकिता को, कैथल की निष्ठा ने कुरुक्षेत्र की अंशुल को, जींद की सिमरन ने रोहतक की वंशिका को और साई हिसार की गुंजन ने भिवानी की निधि को हराया।

⏭ 48-51 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कशिश मलिक ने कैथल की पायल को, पलवल की ज्योति ने कुरुक्षेत्र की स्नेहा को, सोनीपत की रिधिमा ने करनाल की निशु को और रोहतक की सिमरन ने जींद की जन्नत को मात दी।

⏭ 51-54 किलोग्राम श्रेणी में कैथल की जन्नत ने मेवात की शिक्षा को, जींद की ज्योति ने रोहतक की निशु को, कुरुक्षेत्र की महक ने यमुनानगर की वंशिका को हराया।

⏭ 54-57 किलोग्राम भार वर्ग में झज्जर की तनीषा जांगड़ा ने महेंद्रगढ़ की दीप्ति को, गुरुग्राम की कंचन ने जींद की इशु को और भिवानी की चेष्टा ने पानीपत की मोनिया को हराया।

⏭ 57-60 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कंचन ने साई हिसार की माही को, सिरसा की समायरा ने करनाल की कोमल को, फरीदाबाद की चाहत ने सोनीपत की प्राची को और रोहतक की श्रुति ने कैथल की नैन्सी को पराजित किया।

⏭ 60-65 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की वंशिका ने पलवल की निधि को और यमुनानगर की यशिका ने सोनीपत की राखी को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### पुरुष वर्ग के मुकाबले

⏭ 47-50 किलोग्राम भार वर्ग में साई हिसार के विनीत कुमार ने साई भिवानी के अमन को, चरखी दादरी के दीपांशु ने रोहतक-बी के सुमित को, जींद के साहिल ने पलवल के विशाल को और रोहतक के अर्णव दहिया ने यमुनानगर के आदित्य को हराया।

⏭ 50-55 किलोग्राम श्रेणी में पानीपत के शुभम ने पलवल के कृष्णा को, रोहतक के समीर ने जींद के अभिनव को, रेवाड़ी के जतिन ने झज्जर के निशांत को और रोहतक-बी के आदित्य ने चरखी दादरी के मयंक को मात दी।

⏭ 55-60 किलोग्राम वर्ग में साई भिवानी के सिकंदर ने करनाल के मयंक नरवाल को, सोनीपत के करण मलिक ने पानीपत के जय को, साई हिसार के साहिल मोर ने भिवानी के जतिन को और गुरुग्राम के मोहित ने रेवाड़ी के ध्रुव को हराया।

⏭ 60-65 किलोग्राम भार वर्ग में भिवानी के अभी ने मेवात के दीपांशु को, कैथल के योगेश ने पानीपत के दिव्यम दलाल को, रोहतक के गौरव ने जींद के आर्यन को और सोनीपत के ध्रुव ने पलवल के कुणाल को पराजित किया।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से यहां शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। एसजी रोड पर वैष्णोदेवी सर्कल के पास शंकुस फार्म में स्थित इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया, ''भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। 'भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था।

### राष्ट्रीय टेटे में तमिलनाडु ने बंगाल को हराया



**इंदौर।** तमिलनाडु ने 87वीं यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल को बाहर कर दिया। तमिलनाडु के एम आर बालमुरुगन और सिद्धेश पांडे की जोड़ी पश्चिम बंगाल की शीर्ष वरीय जोड़ी अंकुर भट्टाचार्जी और शंखादीप दास को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड की दो जोड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहुँचाया। जीत चंद्र और अनिर्बान घोष ने एक कड़े मुकाबले में हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो और निकुंज अत्री को 3-1 से हराया। वहीं उनके साथी रोनित भंजा और प्रयेष राज सुरेश की जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई।

हजारों खिलाड़ियों के साथ की धोखाधड़ी

# खिलाड़ी ने 'युवा खेलो इंडिया महासंघ' का फोड़ा भांडा, प्राथमिकी दर्ज करेगा मंत्रालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ताइक्वांडो की एक 16 वर्षीय खिलाड़ी की जिज्ञासा ने सरकारी संबद्धता का दावा करने वाली एक संस्था का हजारों खिलाड़ियों के साथ धोखाधड़ी करने का भंडाफोड़ किया और इस घटना से स्तब्ध खेल मंत्रालय अब इस मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने जा रहा है।

नाम गुप्त रखने की इच्छुक किशोरी ने मंत्रालय से संपर्क कर पूछा था कि क्या 'युवा खेलो इंडिया महासंघ (वाईकेआईएफ)' को मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता हासिल है, जैसा कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया गया है। इस खिलाड़ी ने बताया कि उसने पिछले साल नवंबर में उदयपुर में आयोजित तथाकथित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया था।

### अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भागीदारी के लिए 77 हजार मांगे गए

उस घटना के बाद मामला और भी गंभीर हो गया क्योंकि उसी संस्था ने अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 825 अमेरिकी डॉलर (लगभग 77,000 रुपये) की मांग की थी।




### उदयपुर में आयोजित किया जा रहा था

कक्षा 12 में पढ़ रही इस खिलाड़ी ने टेलीफोन पर बताया, ''मैंने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पिछले साल ही शुरू किया था और मेरे एक कोच ने मुझे बताया कि उदयपुर में युवा खेलो इंडिया महासंघ एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। मैंने उसमें भाग लिया और जीत भी हासिल की। मुझे तब कुछ भी असामान्य नहीं लगा और यह एक अन्य प्रतियोगिता की ही तरह थी।''

### प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, वुशु सहित अन्य खेल थे

उदयपुर में एक से तीन नवंबर तक आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, किकबॉक्सिंग और वुशु सहित अन्य खेलों के उभरते हुए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मैंने वहां प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया और उसके बाद मुझे बताया गया कि विजेताओं को अप्रैल में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड ले जाया जाएगा, जिसके लिए हमें एक अप्रैल तक अपने सभी दस्तावेज पूरे करने होंगे और शुल्क जमा करना होगा।''

### भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था

भुगतान की जाने वाली राशि काफी अधिक थी और इच्छुक प्रतिभागी टूर्नामेंट के लिए तैयार किए गए ब्रोशर से संतुष्ट नहीं थी। टूर्नामेंट के शुभंकर की शक्ल खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के शुभंकर शान से मिलती-जुलती थी, जो एक हिम तेंदुआ है। हालांकि ब्रोशर में पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित अन्य प्रतिभागी देशों के झंडे दिखाए गए थे, लेकिन इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था जो जरूरी होता है।

### मंत्रालय को समझ आया युवाओं को नाम से गुमराह किया जा रहा

मंत्रालय को यह समझने में देर नहीं लगी कि युवाओं को इसके नाम पर गुमराह किया जा रहा है और उसने तुरंत प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से जांच की जिससे पता चला कि 'यह संस्था न तो इससे मान्यता प्राप्त है और न ही इससे संबद्ध है।' अगला कदम इस संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना है।

### साइ के लोगो का किया था इस्तेमाल

मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, ''हम वेबसाइट को देखकर दंग रह गए, इसमें न केवल खेल मंत्रालय और साइ के 'लोगो' का इस्तेमाल किया गया था, बल्कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संबद्ध होने का भी दावा किया गया था।'' वाईकेआईएफ की वेबसाइट का दावा है कि इसमें 200 से अधिक जिलों से 22,000 से अधिक खिलाड़ी पंजीकृत हैं।

### संस्था का मुख्यालय शालीमार बाग में


संस्था का मुख्यालय दिल्ली के शालीमार बाग में है और इसकी प्रमुख शिल्पी अरोड़ा हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया लेकिन कुछ अन्य पदाधिकारियों ने जवाब दिया। पीटीआई ने वाईकेआईएफ के राज्य समन्वयक लविश सोनी से बात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्था को मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली: अत्री

संस्था के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक अत्री ने भी यही बात कही, लेकिन स्वीकार किया कि वाईकेआईएफ को राष्ट्रीय या जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली है। अत्री ने कहा, ''हम युवा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट आयोजित करते हैं। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मंत्रालय से संबद्धता का दावा कभी नहीं किया।''

चैंपियंस लीग

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ⏭ लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

### इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थी

इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

आईपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए फिनिशर बनेंगे आशुतोष



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी।

आशुतोष ने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए कहा, ''तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना। मैं ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के रहने वाले 27 वर्षीय आशुतोष 2024 में पंजाब किंग्स के लिए अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियों में आए थे और यह उनका तीसरा आईपीएल सत्र होगा। वह घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलते हैं।

### बटलर को उम्मीद, आराम से आईपीएल में मिलेगी मदद

**लंदन।** इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा है कि टी20 विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद कुछ दिन तक क्रिकेट से दूर रहने से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मदद मिलेगी जिसमें वह गुजरात टाइटन्स के साथ एक नई शुरुआत करना चाहते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बटलर को टीम का समर्थन मिलता रहा, भले ही भारत और श्रीलंका में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे थे। विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए बटलर ने आठ मैचों में केवल 87 रन बनाए। उनका औसत 10.87 और स्ट्राइक रेट 116 रहा। इंग्लैंड की टीम मुंबई में सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी।

# विश्व कप के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करनी होगी : कोच फुल्टन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही। उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे। भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा। ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया, ''हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 तक पहुंचने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी

# घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश के खेल आयुक्त नियुक्त

### दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के दिग्गज स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल को इस साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) लीग का खेल आयुक्त नियुक्त किया गया है। पीएसए विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले भारत के एकमात्र पुरुष खिलाड़ी घोषाल के नाम 11 खिताब और एशियाई खेलों के नौ पदक के अलावा दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उन्होंने प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन (पीएसए) के पुरुष अध्यक्ष तथा पीएसए और वर्ल्ड स्क्वाश (खेल की वैश्विक शासी निकाय) के संयुक्त खिलाड़ी आयोग के सह अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। डब्ल्यूपीएस ने बयान में कहा, ''घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) के खेल आयुक्त के रूप में लीग के संपूर्ण खेल ढांचे की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिसमें प्रतियोगिता का प्रारूप, खिलाड़ियों की योग्यता और रेफरी के लिए मानक तय करना शामिल है।''



कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा

# मेस्सी ने 900वां गोल किया, रोनाल्डो के क्लब में शामिल

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेस्सी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की।

लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया।



### मेस्सी ने देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती

मेस्सी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेस्सी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### रोनाल्डो एक मात्र खिलाड़ी जिन्होने 900 गोल किए

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेस्सी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेस्सी जून में 39 वर्ष के होंगे।

### जानसन ने अविश्वसनीय उपलब्ध बताया

इस ऐतिहासिक गोल ने फुटबॉल जगत से बाहर के सितारों का भी ध्यान आकर्षित किया। बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेमर मैजिक जॉनसन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेस्सी का 900 गोल तक पहुंचना ''अविश्वसनीय उपलब्धि है।'' कुछ लोगों का मानना है कि ब्राज़ील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE
सत्यमेव जयते

INCOME TAX DEPARTMENT

# सरल कर व्यवस्था
के माध्यम से
# विकसित भारत
की ओर

**आयकर अधिनियम, 2025**
01 अप्रैल, 2026 से लागू



"इस समय देश का लक्ष्य है-
विकसित भारत, सशक्त भारत!
हमें तब तक नहीं रुकना है, जब तक
विकसित भारत का यह सपना पूरा न हो जाए।"

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रारंभ 2026

## आयकर अधिनियम 2025 पर राष्ट्रस्तरीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ

### उद्घाटन

## श्रीमती निर्मला सीतारामन
माननीया केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री

**20 मार्च 2026 | विज्ञान भवन, नई दिल्ली**

### हितधारक

| आयकर विभाग | औद्योगिक संस्थान /व्यापार संघ/ICAI/ICMAI/ तकनीकी विशेषज्ञ | करदाता |
|---|---|---|

### अभियान के मुख्य बिंदु

**जन-संपर्क**
अप्रैल–जून, 2026 के मध्य देश भर में 320 से अधिक जन-संपर्क सत्र।

**शैक्षणिक सामग्री**
नए अधिनियम, नियम और फॉर्मों पर शैक्षणिक सामग्री। इसमें मार्गदर्शन के लिए समावेशी प्रकृति के notes, Brochures और tutorials शामिल हैं।

**विषय आधारित सत्र**
जन-संपर्क के सत्रों और सोशल मीडिया हैंडल्स पर विशेषज्ञों के नेतृत्व में नियमित चर्चा।

**जन-सहभागिता**
My Gov पोर्टल पर आयकर अधिनियम 2025 पर आधारित देशव्यापी प्रश्नोत्तरी (Quiz) प्रतियोगिता और विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार।

CBC 15401/13/0016/2526

'Income Tax Website, 2.0' का विशेष लॉन्च

LIVE
YouTube चैनल पर प्रसारण

INCOME TAX DEPARTMENT

**आयकर विभाग**
**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.incometaxindia.gov.in पर जाएं

@IncomeTaxIndia | @IncomeTaxIndia.Official | @IncomeTaxIndiaOfficial | @Income Tax India | @Income Tax India Official

## चिंतन

# आर्थिक और खाद्य संकट की ओर बढ़ रही दुनिया

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की चिंगारी केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन को अपनी चपेट में ले रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस आशंका को और गहरा कर दिया है कि आने वाले समय में दुनिया आर्थिक और खाद्य संकट की ओर तेजी से बढ़ सकती है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। सबसे पहला असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा है। खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता और तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। यूरोप में गैस की कीमतों में 30-35 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है। ऊर्जा महंगी होने का सीधा मतलब है हर चीज महंगी होना। परिवहन, उत्पादन, बिजली और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः आम आदमी पर ही पड़ता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण है। भारतीय रुपया लगातार दबाव में है और आयात महंगा हो रहा है। जब कच्चा तेल महंगा होता है तो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, जिससे महंगाई की पूरी श्रृंखला शुरू हो जाती है। यही कारण है कि जियोपॉलिटिकल तनाव का असर केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रसोई तक पहुंच जाता है। खाद्य संकट की आशंका भी उतनी ही गंभीर है। खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण फास्फेट, यूरिया और अन्य उर्वरकों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उर्वरकों की कमी से फसल उत्पादन घटेगा, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी और गरीब वर्ग पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। युद्ध का एक और बड़ा प्रभाव सप्लाई चेन पर पड़ता है। पहले ही कोविड-19 के दौरान वैश्विक आपूर्ति प्रणाली कमजोर हो चुकी है, और अब नए संघर्ष ने इसे और अस्थिर बना दिया है। समुद्री मार्गों में बाधा, ऊर्जा सुविधाओं पर हमले और व्यापारिक अनिश्चितता ये सभी कारक मिलकर वैश्विक व्यापार को धीमा कर रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबी चली, तो दुनिया को खाद्य वस्तुओं की कमी और महंगाई के दोहरे संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसका ताजा उदाहरण शेयर बाजार में आई भारी गिरावट है। 19 मार्च को सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 776 अंकों की गिरावट ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक ही दिन में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान इस बात का संकेत है कि बाजार में भय का माहौल है। जब निवेशक जोखिम से बचने के लिए शेयर बेचने लगते हैं, तो पूंजी सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां और धीमी पड़ती हैं। हालांकि, इस संकट के बीच कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बातचीत कर तनाव कम करने की कोशिश की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रयास पर्याप्त होंगे? इतिहास गवाह है कि जब तक वैश्विक शक्तियां एकजुट होकर निर्णायक हस्तक्षेप नहीं करतीं, तब तक ऐसे संघर्ष लंबे खिंचते हैं। यदि समय रहते इस आग को नहीं बुझाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भयावह हो सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य संकट और आर्थिक मंदी ये सभी मिलकर वैश्विक अस्थिरता को जन्म देंगे। अंततः सबसे ज्यादा नुकसान उन गरीब और विकासशील देशों को होगा, जो पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।

# महिलाओं के सहकारी नेतृत्व से बदलता देश



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

अधिकार, न्याय व कार्रवाई थीम पर केंद्रित इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सुर्खियों में रहा है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र दस दिन तक विश्व की महिलाओं के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में खूब बातें कर रहा है। यूएन महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक का मानना है कि जब लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती हैं तो अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ती है, जब महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं तो उत्पादकता बढ़ती है और जब शान्ति वार्ताओं में महिलाएं शामिल होती हैं तो शान्ति समझौते अधिक समय तक टिकाऊ साबित होते हैं। भारत में महिलाओं के शैक्षणिक बदलाव हो रहे हैं लेकिन जो कम पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं, उन्होंने भी सहकारिता से जुड़कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य किया है। सहकार से समृद्धि की मिसाल पेश करतीं हमारे देश की महिलाओं का आत्मबल व आत्मविश्वास दोनों बहुत ही मजबूत है। राष्ट्रीय नई सहकारिता नीति एक विज़न, एक मिशन के साथ आगे बढ़ चुकी है।

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। छः रणनीतिक मिशन जिसमें नींव का सशक्तिकरण करने का संकल्प है, इसके अंतर्गत सहकारी आंदोलन की नींव को और भी मजबूत करने की कोशिश है। जीवंतता को प्रोत्साहित करने का संकल्प है जिसके अंतर्गत जीवंत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन होगा। तीसरा, सहकारी समितियों को भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश, जिसमें सहकारी समितियों को पेशेवर और सतत आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित किया जाएगा। चौथा समावेशिता को बढ़ावा देकर पहुंच का विस्तार प्रदान करने के लिए सहकार आधारित समावेशी विकास और सहकारी समितियों को जन आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने पर बल है। साथ ही नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार हो, इसके लिए ऐसी योजना है कि सहकारी समितियों के नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार को प्रोत्साहित किया जाए। सबसे अहम संकल्प यह है कि सहकारी विकास के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने को प्रोत्साहन मिले, जिसका उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को प्रेरित कर उन्हें अनुभवजन्य सहकारी ज्ञान प्रदान करके भारत निर्माण में उन्हें जोड़ा जाए। यह न केवल ग्रामीण सहकारी परिवेश से उनके जुड़ाव को विकसित करेगा बल्कि गांव की संस्कृति से भागते युवाओं को पुनः गांव से जोड़ने का कार्य करेगा। स्त्री युवा शक्ति इसमें सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाली हैं, यह तो तय है। । इसका उल्लेख अब पूरे विश्व में हो रहा है। एनडीडीबी से जुड़ी स्त्रियों की सफलता की कहानियां अब शोध और अध्ययन का हिस्सा बनने जा रही हैं। भारतीय सहकारिता आन्दोलन को देखकर आज कुछ ऐसा ही स्पष्ट हो रहा है कि भारत सरकार कितनी जागरूकता के साथ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी व्यवस्था, लोग और खासकर स्त्री-शक्ति-सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है।

यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि अगर बहुत संजीदगी से देखा जाए तो विभिन्न विश्लेषण बताते हैं कि सरकार डेयरी, कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमों जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के गठन और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित कर अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर विभिन्न संस्थानों और



योजनाओं के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की कोशिश कर रही है। श्वेत क्रांति 2.0 ने तो मानों देश में एक नई आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने को तत्पर है। ऐसा सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 46,422 मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के अलावा, 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। डेयरी सहकारी समितियां महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने की दिशा में इससे बढ़ चुकी हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम-एनसीडीसी ने भी महिला केंद्रित योजनाएं शुरू की हैं जिसमें स्वयं शक्ति सहकार योजना, नंदिनी सहकार योजना एवं युवा सहकार योजनाओं ने तो आमूलचूल परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है।

स्वयं शक्ति सहकार योजना से एक तरफ आय सृजन कार्यकलापों, उद्यमिता विकास और महिला एसएचजी की क्षमता निर्माण होगा, वहीं दूसरी तरफ वित्तीय सहायता प्रदान करके महिला सहकारी समितियों को बढ़ावा मिलेगा और स्त्रियां सशक्त होंगी। नंदिनी सहकार योजना से डेयरी, पशु पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों जैसे कार्यकलापों में लगी महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता मिलेगी तो इससे सहकारी उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है। युवा महिला उद्यमियों को एनसीडीसी के माध्यम से वित्तीय सहायता और समर्थन मिलेगा। उभरते और अभिनव क्षेत्रों में सहकारी उद्यमों की स्थापना होने से प्रबंधन में प्रोत्साहित होंगी। चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ आकर एक घोषणापत्र बीजिंग प्लेटफ़ॉर्म को पारित किया था, जिसे महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इस पड़ाव के 30 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आर्थिक उन्नति, समावेशिता और उन्नत स्वास्थ्य के साथ पूर्णतया प्रतिभागिता को यह सम्मेलन संबोधित करता है. भारत में सहकारिता क्षेत्र में कार्य कर रही स्त्रियों को देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि यह सहकारिता आन्दोलन बीजिंग घोषणापत्र का भी सम्मान क्षेत्र है. भारत में सशक्तिकरण अब एक नारा नहीं है अपितु सशक्तिकरण की मिसाल है सहकारिता।

भारतीय स्त्रियां जो सहकारिता क्षेत्र अब पढ़-लिखकर व शोध करके आने वाले समय में भारत के लिए कार्य करने वाली हैं, उसकी गाथा आने वाले वर्षों में शोध का विषय होंगी। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जिसे भारत सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अमित शाह के नेतृत्व में अर्जित कर रही है क्योंकि उनकी इच्छाशक्ति और कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने की निराने शक्ति दोनों स्पष्ट है। भारतीय सामाजिक ताने-बाने के बीच अपनी जिंदगी संवारतीं महिलाओं के सशक्तिकरण की यह सहकारिता यात्रा भारत के बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। भारत की महिलाओं के बहुत से ऐतिहासिक उपलब्धियों की कहानियां प्रचलित हैं लेकिन विगत कुछेक वर्षों में सहकारिता से सशक्त स्त्री का इतिहास आने वाले समय में प्रेरणा का विषय बनने जा रहा है। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

(लेखक केंद्रीय विवि पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## गौरैया दिवस

सुनील कुमार महला




# चिरैया का संरक्षण मानवता के सुरक्षित भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी। एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्त्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी (रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी रेड-लिस्ट में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

# अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। *- राजीव शर्मा, हिसार*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बने देश



भारत की रक्षा तैयारियों और सामरिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि देश ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने और आने वाले वर्षों में ड्रोन निर्माण का ग्लोबल हब बने।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 207 नई बसें रवाना



राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों के लिए यातायात सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक बनाने हेतु 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें न केवल शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम करेंगी, बल्कि प्रदेश के विकास को भी नई दिशा प्रदान करेंगी।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### गहरी संवेदना



मध्य प्रदेश के इंदौर में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के 6 लोगों की मृत्यु दुःखद। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### चुनाव आयोग बना हथियार




बीजेपी ने बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। जो आज पश्चिम बंगाल में हो रहा है, यही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था। लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ायी गईं। आज ममता भी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही हैं। इस संघर्ष में हम उनके साथ हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर


# तुलसी गबार्ड ने खोल दी ट्रंप के दावे की पोल?



अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड के एक बयान ने वॉशिंगटन की सियासत में हलचल मचा दी है। उनके इस खुलासे के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें ईरान के न्यूक्लियर खतरे को जंग की बड़ी वजह बताया गया था। गाबार्ड ने सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के सामने अपने लिखित बयान में कहा कि 2025 में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अपने परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोई कोशिश नहीं की है। तुलसी गबार्ड ने बताया कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बाद ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पूरी तरह तबाह हो गया था और तब से उसे फिर से खड़ा करने की कोई गतिविधि सामने नहीं आई। यह बयान सीधे तौर पर ट्रंप प्रशासन के उस तर्क को कमजोर करता है, जिसमें बार-बार कहा गया कि ईरान का न्यूक्लियर कार्यक्रम अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। ट्रंप और उनके अधिकारी लगातार यह कहते रहे हैं कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी लेकिन गबार्ड के बयान के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि अगर ईरान ने अपना प्रोग्राम दोबारा शुरू ही नहीं किया, तो फिर जंग की जरूरत क्यों पड़ी?

## ऑफ बीट

# सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी



व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**

### छग के मित्तल बने पीएमओ में उप सचिव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और 2016 बैच के आईएएस डॉ. रवि मित्तल को केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव नियुक्त किया गया है।

### रेलवे स्टाफ को अब 25% अलाउंस बढ़ोतरी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लाखों रनिंग स्टाफ (लोको पायलट और गार्ड) के लिए नवरात्रि एक बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। महंगाई भत्ते (डीए) में 50% की बढ़ोतरी लागू होने के बाद, अब रेल मंत्रालय ने न्यूनतम गारंटीकृत किलोमीटर भत्ते (केएमए) में भी 25% की बढ़ोतरी को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। ये दावा ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने किया है।

### दुलारचंद हत्याकांड में अनंत को मिली बेल

**मोकामा।** यहां के विधायक अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें चर्चित दुलारचंद यादव हत्या मामले में जमानत दे दी गई है। अदालत ने सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करते हुए यह निर्णय सुनाया।कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संभावना है कि अनंत सिंह शुक्रवार या शनिवार तक जेल से रिहा हो सकते हैं। उनके समर्थकों में खुशी है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा ने जारी की दूसरी सूची

# 111 प्रत्याशियों का ऐलान, रूपा गांगुली-सुवेंदु के भाई को टिकट

पूर्व केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक और प्रियंका टिबरेवाल को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं भाजपा ने दूसरी सूची में 19 महिला को भी टिकट दिया है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। पार्टी ने इस सूची में कुल 111 प्रत्याशी घोषित किए हैं। नोआपाड़ा से चुनाव लड़ेंगे पूर्व सांसद अर्जुन सिंह और सोनारपुर दक्षिण से पूर्व राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी के छोटे भाई दिव्येंदु अधिकारी को भी टिकट दिया है। भाजपा ने हिंगलगज से रेखा पात्रा उम्मीदवार बनाया है। इतना ही नहीं चोपड़ा से शंकर अधिकारी और टॉलीगंज से पापिया अधिकारी को कैंडिडेट बनाया है। भाजपा ने मठभंगा से पूर्व केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक और एंटाली से प्रियंका टिबरेवाल को मैदान में उतारा गया है। प्रियंका टिबरेवाल 2021 में कोलकाता के भबानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार थीं।



### शुभेंदु का भवानीपुर में चुनाव प्रचार शुरू

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को देंगे कड़ी टक्कर घुसपैठियों-भ्रष्टाचार की नेता को हराना होगा

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दक्षिण कोलकाता की बहुचर्चित भवानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस सीट पर उनका मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से है। शुभेंदु सुबह कोलकाता पहुंचे और चकबेरिया रोड की ओर रवाना हुए, जहां उन्होंने भाजपा के भवानीपुर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और एक रैली निकाली। उन्होंने चुनाव प्रचार के अपने पहले दिन पत्रकारों से कहा कि रैली में लोगों की प्रतिक्रिया से उन्हें काफी हौसला मिला है। शुभेंदु ने रैली में भारी भीड़ को असाधारण बताते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे। शुभेंदु ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, घुसपैठियों और भ्रष्टाचार के नेता को हराना होगा।

## असम में 88 उम्मीवारों की पहली लिस्ट

### हिमंता 7वीं बार लड़ेंगे, आज करेंगे नामांकन



गुवाहाटी(एजेंसी)। असम चुनाव के लिए भाजपा ने पहली सूची जारी की। इसमें सीएम हिमंता बिस्व सहित 88 नाम हैं। हिमंता अपनी परंपरागत सीट जालुकबारी से चुनाव लड़ेंगे। वे सातवीं बार इस सीट से चुनाव लड़ेंगे वे आज नामांकन करेंगे। 25 दिन पहले भाजपा में आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को भी टिकट दिया गया है। भाजपा ने एक दिन कांग्रेस छोड़कर पार्टी जॉइन करने वाले सांसद प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। उधर, प्रद्युत बोरदोलोई के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके बेटे प्रतीक बोरदोलोई ने नाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। प्रतीक ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि अब उनका कांग्रेस उम्मीदवार बने रहना सही नहीं होगा।

## ईसी पर सीएम ममता बनर्जी का तंज

### 50 से अधिक अधिकारियों का तबादला किया



**आरजी कर मामले की पीड़िता की मां भाजपा से चुनाव लड़ने की इच्छुक**

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले राज्य में '50 से अधिक अधिकारियों को मनमाने ढंग से हटाए जाने' पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे 'उच्चतम स्तर का राजनीतिक हस्तक्षेप' करार दिया। निर्वाचन आयोग (ईसी) की तीखी आलोचना जारी रखते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो बनर्जी ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई 'संस्थानों का व्यवस्थित राजनीतिकरण' और 'संविधान पर सीधा हमला' है। उधर, बंगाल में आरजी कर मामले की पीड़िता की मां ने गुरुवार को कहा कि वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती हैं।

### तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या

**कोलकाता (भाषा)।** विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मसीउर गाजी (41) की हत्या की गई है जोकि देगंगा क्षेत्र के चंपटाला ग्राम पंचायत में बूथ संख्या-178 के अध्यक्ष थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गाजी का खून से लथपथ शव बृहस्पतिवार को हारोआ पुलिस थाना क्षेत्र के नोब्बाई पट घेरी के पास सड़क किनारे मिला।

## केरल विधानसभा चुनाव



### सीएम पिनराई विजयन ने धर्मदोम से नामांकन पत्र दाखिल किया

**कन्नूर (भाषा)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बृहस्पतिवार को यहां धर्मदोम विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विजयन ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे थलस्सेरी उप रजिस्ट्रार कार्यालय में अपने नामांकन पत्र जमा किए जिन्हें कन्नूर के रजिस्ट्रार ए बी सत्यन ने प्राप्त किया। इस मौके पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के अनुभवी नेता विजयन के साथ पार्टी के जिला सचिव के के रागेश, वरिष्ठ नेता ई पी जयराजन, विधानसभाध्यक्ष ए एन शमशीर और उनके राजनीतिक सचिव पी सासी भी थे।

**कांग्रेस ने 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की**

कांग्रेस ने केरल चुनाव के लिए 37 उम्मीदवारों की दूसरी सूची बृहस्पतिवार को जारी की। कांग्रेस ने कन्नूर विस सीट से टी ओ मोहनन को मैदान में उतारा है, जहां से वरिष्ठ नेता के सुधाकरन पार्टी का टिकट पाने की कोशिश कर रहे थे।

## भारत निर्वाचन आयोग देगा सुविधा

### 85 साल से अधिक उम्र के वोटर्स पोस्टल बैलेट से वोट डाल सकेंगे



नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत निर्वाचन आयोग आगामी विधानसभा चुनावों में बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, सेवारत मतदाताओं और चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं को पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) से वोट देने की सुविधा देगा।

ये सुविधा 85 साल से अधिक उम्र के वोटर्स और दिव्यांगजन (दिव्यांग) को मिलेगी। ऐसे वोटर्स फॉर्म 12 डी भरकर और चुनाव अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर अपने मतदान अधिकारी के माध्यम से रिटर्निंग ऑफिसर को जमा करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। मतदान दल संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा तैयार की गई अनुसूची के अनुसार उनके घरों से वोट एकत्र करेंगे।

# संघ को 86 संभागों में बांटेंगे, काम का तरीका नहीं बदलेगा: भागवत

एजेंसी ▶▶| नागपुर

मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस का काम बहुत तेजी से बढ़ रहा है और लोगों की उम्मीदें भी बढ़ रही हैं, इसलिए अब काम को अलग-अलग हिस्सों में बांटने विकेंद्रीकरण की शुरुआत की जा रही है। नागपुर में एक मराठी अखबार के 100 साल पूरे होने पर उन्होंने बताया कि स्वयंसेवकों को मजबूत बनाने और काम बेहतर करने के लिए संगठन में बदलाव किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले आरएसएस में 46 प्रांत थे, अब इन्हें बढ़ाकर छोटी-छोटी इकाईयों यानी 86 संभागों में बांटा जाएगा, ताकि स्थानीय स्तर पर काम आसानी और अच्छे तरीके से हो सके। भागवत कहा कि संघ के काम करने का तरीका नहीं बदलेगा। दोस्ती बनाकर और अच्छे उदाहरण देकर समाज में बदलाव लाना ही संघ का मुख्य तरीका है, और यह आगे भी चलता रहेगा।

### बोले- बयान गलत तरीके से दिखाने वालों पर हंसी आती है

अपने बयानों को गलत तरीके से दिखाने पर भागवत ने कहा कि उन्हें इस पर हंसी आती है और वे ऐसे लोगों के लिए सहानुभूति रखते हैं। बड़े संगठनों में ऐसे बदलाव सामान्य होते हैं। जैसे-जैसे लोगों की उम्मीदें बढ़ती हैं, वैसे-वैसे जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं, इसलिए काम बांटना जरूरी होता है। जहां शाखाएं नहीं लग पातीं, वहां स्वयंसेवक सोसाइटी और बड़ी इमारतों में जाकर लोगों से जुड़ रहे हैं। आगे होने वाली बैठकों में युवाओं को जोड़ने के नए तरीकों पर चर्चा होगी। आज यह बहुत असरदार माध्यम है, इसलिए संघ को इसका अच्छा उपयोग करना चाहिए। संगठन का कम्युनिकेशन विभाग कंटेंट बना रहा है और स्वयंसेवक भी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

## गंभीर दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे

### एआई और डीपफेक के गलत इस्तेमाल पर रोक की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक सिविल मुकदमा दायर किया है। केस में उन्होंने डिजिटल नकल, एआई से बनाए गए डीपफेक और बिना अनुमति उनके नाम, चेहरे और आवाज के इस्तेमाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गंभीर की लीगल टीम के हवाले से बताया कि, 2025 के अंत से इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके नाम से नकली कंटेंट तेजी से बढ़ा है। एआई, फेस-स्वैपिंग और वॉइस-क्लोनिंग तकनीक की मदद से ऐसे वीडियो बनाए गए, जिनमें उन्हें ऐसे बयान देते हुए दिखाया गया जो उन्होंने कभी दिए ही नहीं। इनमें एक फर्जी इस्तीफे का वीडियो भी शामिल था, जिसे लाखों बार देखा गया। मामले में 16 पक्षों को प्रतिवादी बनाया गया है। इसमें कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स के साथ-साथ ई-कॉमर्स कंपनियां जैसे एमेजॉन और फ्लिपकार्ट भी शामिल हैं।

**16 आरोपियों से 2 .5 करोड़ हर्जाना भी मांगा**

## राज्यसभा के 73 सदस्यों पर आपराधिक मामले और 31 अरबपति : एडीआर

- 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों का विश्लेषण किया
- रास के सदस्यों की औसत संपत्ति 120 .69 करोड़ रुपये आंकी गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों के विश्लेषण पर आधारित है। इस विश्लेषण में हाल में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं। जिन 229 सांसदों के दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है, उनमें से 73 (32 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है। भाजपा के 99 सांसदों में से 27, कांग्रेस के 28 सांसदों में से 12, तृणमूल कांग्रेस के के 13 सांसदों में से चार और आप के 10 सांसदों में से चार ने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। राज्यसभा में सदस्य की औसत संपत्ति 120.69 करोड़ आंकी है। बीआरएस सांसद बंडी पार्थ सारथी ने सबसे अधिक करीब 5,300 करोड़ और आप सांसद संत बलबीर सिंह की सबसे कम संपत्ति है, जिनकी संपत्ति लगभग 3 लाख है।

भारत सरकार Government of India | pfrda | अटल पेंशन योजना

साठ वर्ष के बाद वृद्धावस्था में आय सुरक्षा और सम्मान के लिए

**8.85 करोड़**

अभिदाता अटल पेंशन योजना से जुड़े



"हमारी सरकार का लक्ष्य सभी भारतीय नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है ताकि वे सम्मान और खुशी का जीवन जी सकें"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



आज ही एपीवाई से जुड़ें और आजीवन गारंटीड पेंशन सहित दो अन्य लाभ भी उठाएं

1. 1000/- या 2000/- या 3000/- या 4000/- अथवा 5000/- रुपये प्रति माह तक आजीवन पेंशन की गारंटी
2. अभिदाता की मृत्यु के बाद पति या पत्नी को आजीवन समान पेंशन
3. पति/पत्नी की मृत्यु के पश्चात नामिति को 60 वर्ष की आयु तक संचित पेंशन राशि की वापसी

अगर आपकी उम्र 18 से 40 साल के बीच है तो आप **अटल पेंशन योजना** से जुड़ सकते हैं।

| आज ही जुड़ें, भुगतान कम करें | आयु | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) | पेंशन स्लैब (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| | 18 | 1000 | 42 प्रति माह | 5000 | 210 प्रति माह |
| | 40 | 1000 | 291 प्रति माह | 5000 | 1454 प्रति माह |

एपीवाई पर अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

आज ही अपने नजदीकी डाकघर/बैंक में संपर्क करें या 1800 110 069 पर कॉल करें या www.pfrda.org.in पर जाएं।

CBC 15113/13/0002/2526

## केरल हाईकोर्ट ने रद्द की एफआईआर

# बिना सबूत महिला के चरित्र पर सवाल सामाजिक हिंसा

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि बिना किसी आधार के किसी महिला के चरित्र पर लांछन लगाना 'सामाजिक हिंसा का एक खतरनाक रूप' है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब कोई समाज किसी महिला की उपलब्धियों के बजाय उसकी इमेज पर ज्यादा ध्यान देता है, तो इससे उसकी अपनी बौद्धिक दरिद्रता उजागर होती है।जस्टिस सीएस डियास की ये टिप्पणियां तब आईं, जब उन्होंने मलयालम फिल्म अभिनेत्री श्वेता मेनन के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया।

### शिकायत के समय पर भी उठाया सवाल

एफआईआर रद्द करने की उनकी याचिका को मंजूर करते हुए कोर्ट ने कहा कि शिकायत दर्ज करने का समय साफ तौर पर इसके दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाले इरादे की ओर इशारा करता है। कोर्ट ने यह भी माना कि शिकायत, एफआईआर, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री और संबंधित कानूनों का विश्लेषण करने पर यह पाया गया कि उन पर लगाए गए अपराध साबित नहीं होते हैं बल्कि ये आरोप मेनन के नाम और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के किसी छिपे हुए मकसद से लगाए गए थे।

## गाजियाबाद में दिल दहलाने वाली घटना

# 13वीं मंजिल से कूद बेटे ने दी जान, घर में मिला मां का शव

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद स्थित कविनगर थाना क्षेत्र के महागुनपुरम सोसायटी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। विनायक टॉवर में 42 वर्षीय राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उनके फ्लैट में उनकी 70 वर्षीय मां सतनामकौर का शव भी मिला है। राजवीर चावला एक एस्ट्रोलॉजिस्ट (ज्योतिष) थे। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।



### बेड पर पड़ी थी मां की लाश

राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके फ्लैट की तलाशी ली। वहां बेड पर उनकी मां सतनामकौर का शव पड़ा मिला। मां का शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। नाक पर खून के धब्बे भी मौजूद थे। पुलिस ने शवों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह ने बताया

# बाल मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट बड़ी कामयाबी

यूएन रिपोर्ट में भारत की सफलता पर मोदी ने जताई खुशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट देखने को मिली। नवजात शिशु मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यूएन ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि यूएन की रिपोर्ट में बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की तारीफ की गई। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह के अनुसार बच्चों की मौत की दर को कम करने में दुनियाभर में भारत का अहम बनकर उभरा है। देने वाला देश बनकर उभरा है।



### छोटे बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी

2 दशकों में भारत ने दक्षिण एशिया क्षेत्र में बच्चों की मृत्यु दर को कम करने की कोशिशों में अहम भूमिका निभाई है। 1990 से 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी आई है और 2000 से 68 फीसदी की कमी आई। यह बड़ी कमी मुख्य रूप से भारत जैसे देशों के कारण आई है, जहां लक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप, बेहतर संस्थागत डिलीवरी है। व्यवस्था और टीकाकरण कवरेज में वृद्धि देखने को मिली है।

### भारत ने निमोनिया डायरिया, मलेरिया पर नियंत्रण पाया

5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में काफी कमी आई है। 2000 में हर 1,000 जीवित जन्मों पर 92 मौतों से घटकर 2024 में लगभग 32 हो गई है। भारत के खास दखल ने निमोनिया, डायरिया, मलेरिया और जन्म से जुड़ी दिक्कतों पर नियंत्रण किया है। जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारियों से होने वाली मौतों को कम करने में मदद की है।




## पश्चिम एशिया संकट पर विदेश मंत्रालय ने जताई चिंता कहा

# वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी

*खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता, तत्काल मदद के लिए तत्पर*

*अपने हितों की रक्षा करते हुए भारत कूटनीति के जरिए शांति और स्थिरता के प्रयास कर रहा*




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ तेल अवीव



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक संपर्क तेज कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह समय न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है। उन्होंने बताया कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए संबंधित देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं और विदेश मंत्रालय खाड़ी क्षेत्र, पश्चिम एशिया में घटनाक्रमों पर करीबी नजर रखे हुए है। रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के शीर्ष नेता लगातार विभिन्न देशों के नेताओं के संपर्क में हैं और शांति व स्थिरता के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस के बीच बातचीत हुई, जिसमें क्षेत्रीय हालात पर चिंता जताई गई। भारत ने कूटनीति के जरिए हालात को संभालने और अपने हितों की रक्षा करने की दिशा में काम जारी रखा है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों का असर भी दिखा है। हाल ही में बातचीत और समन्वय के जरिए भारत अपने दो एलपीजी जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकालने में सफल रहा है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। भारतीय दूतावास और सरकार लगातार संपर्क में हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि भारत कई देशों और हितधारकों के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। सरकार का कहना है कि वह कूटनीति के जरिए समाधान निकालने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



ईरान के हमले में आग के गोले में बदला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का हबशान गैस प्लांट

### हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं। यूएई अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार रखता है। मंत्रालय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर और तेल फैसिलिटी को निशाना बनाने वाला हमला क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के साथ-साथ वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है।*

**ईरान का यूएई की गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला**

### हबशान गैस प्लांट ऑपरेशन अस्थायी रूप से बंद

ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के गैस फैसिलिटी फील्ड पर हमला किया है। ईरान की इस कार्रवाई की यूएई के अधिकारियों ने कड़ी आलोचना की है। यूएई के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि मिसाइलों के इंटरसेप्शन से गिरते मलबे के कारण हबशान गैस फैसिलिटी में ऑपरेशन कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने हबशान गैस फैसिलिटी और बाब फील्ड को निशाना बनाकर किए गए ईरान के हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सॉनमोबिल की साझेदारी है।

## *होर्मुज में सभी 22 भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षितः सिन्हा*

पश्चिम एशिया में अभी भी भारत के 22 जहाज फंसे हुए हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव ने राजेश सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि भारतीय झंडे वाले जहाज और नाविक सभी सुरक्षित हैं और गल्फ क्षेत्र के समुद्री इलाके में किसी भी घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि होर्मुज स्ट्रेट के वेस्ट में फारस की खाड़ी में अभी भी भारत के 22 जहाज मौजूद हैं।

**जंग की वजह से कई चुनौतियां आईंः डीजीएफटी** : भारत में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के प्रमुख लव अग्रवाल ने बताया कि इस संघर्ष से जेबेल अली, हमद, बंदर अब्बास और फुजैराह जैसे बड़े बंदरगाह एक साथ प्रभावित हुए। इसका असर यूरोप और अमेरिका जाने वाले माल पर भी पड़ा, क्योंकि जहाजों को लंबा रास्ता बदलकर जाना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि होर्मुज से गुजरने वाला ट्रांजिट भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया, जिससे समस्या और बढ़ गई।

### इधर, ट्रंप का यू टर्न, ईरान की गैस फील्ड पर अब यूएस नहीं करेगा हमला

ईरान युद्ध के बढ़ते दायरे से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब असहज महसूस करने लगे हैं। इसलिए उन्होंने पहली बार इजरायल के हमलों पर सीमारेखा खींच दी है। साथ ही ईरान को जंग रोकने के लिए अमेरिका की शर्तें मानने की सलाह भी दी है। उन्होंने कहा है कि इजरायल अब ईरान के साउथ पर्स गैस फील्ड पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के मित्र देश कतर के रास लाफान गैस प्लांट पर ईरान के जवाबी हमले ने अमेरिका और ट्रंप को असहज किया है। '**मैं कहीं भी सेना नहीं भेज रहा, जल्द ही सामान्य होंगे हालात': ट्रंप** : ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच हमले जारी हैं। ट्रंप का बयान देने का सिलसिला भी रुक नहीं रहा। उन्होंने फिर एक बड़ा बयान दिया है। दरअसल, जब डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि क्या वो ईरान पर से तेल पाबंदियां हटाएंगे या वहां अपनी सेना भेजेंगे, तो उनका जवाब काफी चौंकाने वाला था। उन्होंने साफ कहा कि, 'मैं कहीं भी सेना तैनात नहीं कर रहा हूं।

### इजराइल के विदेश मंत्री ने जयशंकर को पश्चिम एशिया संघर्ष के बारे में जानकारी दी

**यरुशलम।** इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात की और उन्हें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बारे में जानकारी दी। सार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को महत्व देते हैं।" सार ने कहा कि उन्होंने जयशंकर को ईरान के खिलाफ इजराइली अभियान के बारे में जानकारी दी।

**ओमान का यूएस पर आरोप**

### ईरान से जंग ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलतीः बुसैदी



*ओमान के विदेश मंत्री ने ईरान के साथ चल रही जंग को ट्रंप सरकार की सबसे बड़ी गलती बताया है। विदेश मंत्री बद्र अल बुसैदी ने कहा है कि इस युद्ध का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा पर साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने इस संघर्ष को 'गैरकानूनी युद्ध' बताया और अमेरिका के सहयोगी देशों से इसे खत्म कराने में मदद करने की अपील की। अलबुसैदी युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत कराने में अहम भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को जब बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी थी और शांति की उम्मीद नजर आ रही थी, तभी कुछ घंटों बाद ही इजराइल और अमेरिका ने फिर से सैन्य हमला कर दिया। यह चौंकाने वाली बात थी।*

### एमआई-17 हेलीकॉप्टर को बनाया निशानाः इजराइल

इजराइली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि वायु सेना ने हमदान प्रांत के सन्नाज एयरपोर्ट पर एमआई-17 हेलीकॉप्टर को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इससे पता चलता है कि ईरान का एयर डिफेंस और वायु सेना की क्षमताएं तबाह हो चुकी हैं। यह हमला खुफिया जानकारी के आधार पर पूरी सटीकता से रियल टाइम पर किया गया। आईडीएफ लगातार इस्लामिक गार्ड कॉर्प्स की वायु सेना की क्षमताओं पर हमले कर रही है और पश्चिमी ईरान में अपनी हवाई श्रेष्ठता का लगातार विस्तार कर रही है।

**अमेरिका-ईरान युद्ध से बढ़ा संकट**

## पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर और मांगे

### *ईरान ने इस्राइल फर्स्ट टैक्स कहकर उड़ाया मजाक*





एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच पूरी दुनिया में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग यानी पेंटागन ने संसद से 200 अरब डॉलर के बजट की मांग की है, तो ईरान ने इसकी 'इस्राइल फर्स्ट टैक्स' कहकर खिल्ली उड़ाई है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब एक बड़े वैश्विक आर्थिक और सैन्य संकट में तब्दील होता दिख रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के 20वें दिन, यह साफ हो गया है कि जंग में शामिल देशों को इस संघर्ष की भारी आर्थिक कीमत चुकानी होगी। वहीं, ईरान ने भी चेतावनी दी है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर जल्द ही एक ट्रिलियन डॉलर के 'इस्राइल फर्स्ट टैक्स' का बोझ पड़ने वाला है। ईरान की यह टिप्पणी अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की ओर से युद्ध के वित्तपोषण के लिए संसद से 200 अरब डॉलर के भारी-भरकम बजट की मांग के बाद आई है। रक्षा विभाग भी इस आकार के पैकेज की मांग कर रहा है, हालांकि इस भारी बजट मांग का अमेरिकी सांसदों द्वारा विरोध किए जाने की प्रबल संभावना है।

## रूस के इशारे पर 6 यूक्रेनी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई

**नई दिल्ली।** भारत में 6 यूक्रेनी नागरिकों की हालिया गिरफ्तारी (कथित तौर पर म्यांमार में आतंकी ट्रेनिंग देने के आरोप में) के मामले ने अब एक कूटनीतिक मोड़ ले लिया है. भारत स्थित यूक्रेन के दूतावास ने इस कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे 'राजनीति से प्रेरित' और रूस की एक साजिश करार दिया है। दूतावास ने स्पष्ट किया है कि यूक्रेन का किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है और वह भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने का पक्षधर है। दूतावास ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई कथित तौर पर 'रूसी पक्ष' की सूचना पर आधारित है, जो इसे एक सुनियोजित और राजनीति से प्रेरित मामला बनाता है। यूक्रेन ने किसी भी आतंकी गतिविधि में 'स्टेट स्पॉन्सरशिप' (सरकारी संलिप्तता) के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। दूतावास ने याद दिलाया कि यूक्रेन खुद रोजाना 'रूसी आतंकवाद' का शिकार हो रहा है।



- भारत के खिलाफ साजिश में 'शामिल' सात विदेशियों के फोन डेटा विश्लेषण के लिए भेजे गए
- यूक्रेन ने भारत में हिरासत में लिए गए यूक्रेनी नागरिकों को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराने की मांग की

### 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में बोले रक्षा मंत्री

## भविष्य के युद्धों में ड्रोन अहम हुआ भारत को 'आत्मनिर्भर' बनना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन' में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने 'डिफेंस इंडिया स्टार्ट-अप चैलेंज' (जीआईएससी) के 14वें संस्करण और एडीटीआई चैलेंज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा पहली बार 100 से अधिक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। मैं नए संस्करण के लिए सभी नवप्रवर्तकों को शुभकामनाएं देता हूं।



जीआईएससी के 14वें संस्करण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छोटे उद्योगों को रक्षा निर्माण की सप्लाई चेन से जोड़ना है। जब छोटे उद्योग बड़े रक्षा कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे, तभी देश में नई खोज और तकनीक की रफ्तार तेज होगी। किसी भी देश के रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में बड़े उद्योगों के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप और इनोवेटर्स की भूमिका बहुत अहम होती है।



### टाटा चेयरमैन चंद्रशेखरन को मिला ब्रिटेन का 'नाइटहुड'

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया है। ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास पर बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में उन्हें 'नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई)' की उपाधि प्रदान की गई। यह ब्रिटेन का एक प्रतिष्ठित सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो विदेशी नागरिकों को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए दिया जाता है। ब्रिटिश उच्चायोग ने बयान में कहा, ! टाटा समूह, ब्रिटेन में लंबे समय से निवेश करता आया है। यह निवेश मोटर वाहन, इस्पात, प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता क्षेत्रों तक फैला है।

### धार्मिक स्थलों की कर रहे थे रेकी

## पाक गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए 'जासूसी' करते दो युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| हापुड़

थाना धौलाना, एटीएस मेरठ व आईबी दिल्ली की संयुक्त टीम ने पाकिस्तान के कुख्यात गैंगस्टर शहजाद भट्टी के लिए जासूसी करने वाले दो युवकों को मुगल गार्डन स्थित गैस एजेंसी के पास से गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर के निर्देश पर दोनों भारत में संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर रहे थे। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जिनमें राष्ट्र विरोधी चैट, फोटो, वीडियो और लोकेशन डेटा मौजूद पाए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार थाना धौलाना क्षेत्र के गांव पिपलैहड़ा का अजीम राणा और जिला मेरठ के थाना भावनपुरा के गांव जई का आजाद राजपूत है। दोनों आरोपियों के खिलाफ खिलाफ देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ा मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि दिसंबर 2025 से वह शहजाद भट्टी से इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और वाट्एप के जरिए जुड़े हुए थे।



पुलिस की गिरफ्त में दो युवक




### भारतीय सेना ने मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया

# बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' युद्धाभ्यास संपन्न

एजेंसी ▶▶| झांसी

बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास बुधवार को संपन्न हो गया। इस अभ्यास के दौरान भारतीय सेना ने अपनी मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं का आकलन किया, जिसमें तकनीक से लैस टैंकों को दौड़ाया गया और हेलिकॉप्टरों ने हमलावर होने की स्थिति में प्रदर्शन किया। सेना के अधिकारियों ने इसे मशीनीकृत युद्ध क्षमताओं के सत्यापन का अभ्यास बताया।

**थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए बल का निर्माण आवश्यक** | **युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी**



बबीना रेंज में 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास करते टैंक और हेलीकॉप्टर

### प्रौद्योगिकी को आत्मसात करेंः एलजी सेठ

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी को आत्मसात करें। संयुक्तता और थल, वायु, साइबर, अंतरिक्ष, खुफिया निगरानी तथा इलेक्ट्रॉनिक युद्ध (ईडब्ल्यू) क्षमताओं का निर्बाध एकीकरण एक चुस्त, अनुकूलनीय और युद्ध के लिए तैयार बल के निर्माण के लिए मूलभूत हैं। उन्होंने कहा कि यह बल बहु-क्षेत्रीय अभियानों के संपूर्ण स्पेक्ट्रम में विकसित होते युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व स्थापित करने में सक्षम होगा।

**अभ्यास का अवलोकन किया**

### युद्ध तत्परता के लिए सैनिकों को दी बधाई

भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने 6 से 18 मार्च 2026 तक बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में इस 'अमोघ ज्वाला' अभ्यास का संचालन किया था।



इसका मुख्य उद्देश्य बहु-क्षेत्रीय परिचालन वातावरण में प्रौद्योगिकी आधारित मशीनीकृत युद्धक्षमताओं का सत्यापन करना था। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने अभ्यास के समापन का अवलोकन किया। उन्होंने भाग लेने वाले सैनिकों को उनकी व्यावसायिकता, परिचालन उत्कृष्टता और युद्ध तत्परता के लिए बधाई दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28